भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 183 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 25 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# अरावली को लेकर कांग्रेस का बड़ा हमलाः डोटासरा बोले संगठित साजिश से राजस्थान की जीवनरेखा लूट रही

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अरावली पर्वतमाला के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा ने सुनियोजित रणनीति के तहत अरावली को खनन माफियाओं के हवाले करने का रास्ता साफ किया है। उन्होंने कहा कि देश की प्राकृतिक संपदाओं को संगठित रूप से लूटने की साजिश चल रही है और अरावली इसका ताजा उदाहरण है।


डोटासरा ने कहा कि भाजपा लंबे समय से इस दिशा में प्रयासरत थी और अब सोची-समझी रणनीति के तहत अलवर से सांसद भूपेंद्र यादव को केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री बनाया गया। वहीं अलवर के ही संजय शर्मा को प्रदेश में इसी मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अनुभवहीन लोगों को सत्ता देकर केंद्र की मनमानी में सहयोग कराया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए डोटासरा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया में केंद्र सरकार के दबाव में जो रिपोर्ट पेश करवाई गई, उससे स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार अरावली पर्वतमाला को नष्ट करने की दिशा में आगे बढ़ चुकी है।

उन्होंने चेताया कि इस फैसले के बाद अरावली का करीब 90 प्रतिशत हिस्सा खनन के लिए खुल सकता है।

डोटासरा ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में अरावली को बचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाने का वादा किया था, लेकिन हकीकत में इसे अवैध खनन कॉरिडोर में बदल दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह इलेक्ट्रोरल बॉन्ड के जरिए चंदा वसूला गया, उसी तरह अब माइनिंग माफियाओं को लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्थान में देश के मुकाबले सबसे अधिक खनन पट्टे जारी हैं।



डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में खनन मंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री एक ही व्यक्ति हैं, जबकि केंद्र के वन एवं पर्यावरण मंत्री भी राजस्थान से हैं। इन सभी ने मिलकर अरावली को खत्म करने की साजिश रची है। अरावली न सिर्फ पर्यावरण बल्कि आस्था और जीवन की भी आधारशिला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी भाजपा प्रवक्ता की तरह बयान दे रहे हैं, जो एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था की गरिमा के खिलाफ है।

डोटासरा ने कहा कि सनातन के नाम पर वोट लेने वाली भाजपा अब अरावली क्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों परशुराम महादेव (पाली), हर्षनाथ (सीकर), पांडुपोल (अलवर), नीलकंठ महादेव (अलवर), गलता व खोले के हनुमानजी (जयपुर), एकलिंगजी-ऋषभदेव (उदयपुर), लोहारगल (झुंझुनूं), देलवाड़ा, अचलगढ़ और कुंभलगढ़ के अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। उन्होंने कहा कि केवल पैसों के लालच में आस्था के केंद्रों को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है।

# चित्तौड़ का रमेश ईनाणी हत्याकांडः नामजद होते ही दो संत निष्कासित, जमीन विवाद और शूटर कनेक्शन ने खोले सनसनीखेज राज

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

चित्तौड़गढ़ के बहुचर्चित रमेश ईनाणी हत्याकांड ने अब धार्मिक जगत को भी झकझोर कर रख दिया है। दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज हत्या मामले में नामजद होते ही रामस्नेही संप्रदाय ने बड़ा और कड़ा फैसला लेते हुए चित्तौड़गढ़ के संत रमताराम और सिरोही के संत भजनाराम को संप्रदाय से निष्कासित कर दिया। यह आदेश सामने आते ही धार्मिक गलियारों से लेकर सोशल मीडिया तक भूचाल आ गया।

रामस्नेही संप्रदाय द्वारा जारी निष्कासन आदेश में साफ कहा गया है कि संप्रदाय की मर्यादा और अनुशासन सर्वोपरि है तथा किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता पाए जाने पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी।

संप्रदाय के कार्यवाहक भंडारी साधु जगवल्लभराम रामस्नेही ने बताया कि यह निर्णय पीठाधीश्वर आचार्यश्री स्वामी रामदयालजी महाराज के निर्देश पर लिया गया। वरिष्ठ संतों और भक्त समुदाय के आग्रह के बाद यह कठोर कदम उठाया गया। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि किसी अन्य संत की संलिप्तता सामने आती है तो उसे भी स्वतः निष्कासित माना जाएगा।





## दिनदहाड़े हत्या से मचा था हड़कंप

गौरतलब है कि 11 नवंबर को चित्तौड़गढ़ शहर में कुरियर व्यवसायी रमेश ईनाणी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात ने पूरे शहर को दहला दिया था। पुलिस ने मामले में शूटर मनीष कुमार दुबे को गिरफ्तार कर लिया है।


## जमीन विवाद बना हत्या की जड़

मृतक के परिजनों की ओर से दर्ज रिपोर्ट में संत रमताराम पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि उत्तरप्रदेश से शूटर को बुलाने की भूमिका संत भजनाराम के माध्यम से निभाई गई। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला रामद्वारे के पीछे स्थित जमीन को लेकर था, जिस पर संत रमताराम और रमेश ईनाणी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था।

जानकारी के अनुसार उक्त भूमि रमेश ईनाणी के चाचा-ताऊ से खरीदी गई थी, लेकिन कब्जा रमेश ईनाणी के पास था। इस संबंध में सिविल वाद न्यायालय में विचाराधीन था। आरोप है कि कब्जा लेने में बार-बार असफल रहने के बाद हत्या की साजिश रची गई।

## शूटर से पुराने संपर्क और पैसों के लेनदेन के सबूत

तकनीकी अनुसंधान में पुलिस को अहम जानकारियां मिली हैं। जांच में सामने आया कि शूटर मनीष दुबे जून 2022 से ही संत रमताराम के संपर्क में था और जुलाई 2022 में वह पहली बार टैक्सी से चित्तौड़गढ़ आया था। हालांकि संत रमताराम ने पूछताछ में किसी भी संपर्क से इनकार किया, लेकिन पुलिस जांच में इंटरनेट के जरिए



॥ श्रीमद् रामचरणाय नमः ॥ ॥ राम ॥ ॥ श्रीमद् रामदयालाय नमः ॥

अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय

पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित जगद्गुरु स्वामीजी श्री 1008 श्री रामदयाल जी महाराज

श्री रामनिवास धाम, रामस्नेही नगर, शाहपुरा, जिला-भीलवाड़ा (राज.) पिन-311 404

Ph.: 01484 - 222218, 222246 Fax : +91-1484-223800 e-mail : ramniwasdham@gmail.com

क्रमांक : राम दिनांक : 25-12-25

अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के सभी सन्तों एवं भक्तों एवं सर्वजन को सूचित किया जाता है कि अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के वरिष्ठ सन्तों एवं भक्तों के निवेदन पर आचार्य श्री ने संत रमताराम जी व संत भजनाराम जी को अन्तर्राष्ट्रीय सम्प्रदाय से निष्कासित किया है। आज पश्चात रामस्नेही सम्प्रदाय से इनका कोई लेना देना नही रहेगा। अन्य कोई सन्त इसमें लिप्त पाया जायेगा तो इस आदेश से वो भी निष्कासित माना जायेगा।

आचार्य श्री के आदेश से

6375257380

कार्य. वा. भण्डारी

दोनों के बीच नौ बार संपर्क की पुष्टि हुई है। इसके अलावा जनवरी 2024 से जून 2024 के बीच करीब 95 हजार रुपये की राशि अलग-अलग माध्यमों से शूटर के खाते में ट्रांसफर होने के साक्ष्य भी सामने आए हैं।

## अग्रिम जमानत पर झटका

संत रमताराम ने गिरफ्तारी से बचने के लिए राजस्थान हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर कर रखी है। इससे पहले चित्तौड़गढ़ जिला न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रथम दृष्टया गंभीर आरोप मानते हुए राहत देने से इनकार कर दिया।

## धार्मिक संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने धार्मिक संस्थाओं की भूमिका और जवाबदेही को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि रामस्नेही संप्रदाय की त्वरित और कठोर कार्रवाई यह संदेश देती है कि अपराध और अनुशासनहीनता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। फिलहाल मामले में पुलिस जांच जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई पर पूरे प्रदेश की नजरें टिकी हुई हैं।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# रात्रि चौपाल की खबर बनी जानलेवा, फुलियाकलां में पत्रकार पर दिनदहाड़े हमला

## सरपंच पति व साथियों पर मारपीट और धमकियों का आरोप, सच लिखने की कीमत चुकाने को मजबूर हुआ पत्रकार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जब गांव की सत्ता, रसूख और दबंगई बेलगाम हो जाए, तो सबसे पहले निशाने पर आता है सच। फुलियाकलां थाना क्षेत्र से सामने आया ताजा मामला यही बयां करता है जहां रात्रि चौपाल की एक खबर छापना एक पत्रकार के लिए जान पर बन आया।

जानकारी के अनुसार पत्रकार सत्यनारायण टेलर ने 17 दिसंबर को ग्राम अरवड में आयोजित रात्रि चौपाल का नियमानुसार कवरेज किया। खबर छपते ही कथित तौर पर सरपंच पति रामलाल गुर्जर बौखला गया। पहले फोन पर खुलेआम धमकी दी और कहा 'खबरें क्यों छापता है, औकात दिखा दूंगा 'और फिर धमकी को अंजाम में बदल दिया।

**दिनदहाड़े हमला, खुलेआम धमकी**

धमकी के बाद सरपंच पति और उसके साथियों ने बीती 24 दिसंबर की सुबह करीब 9:30 बजे, बस स्टैंड की ओर जाते समय पत्रकार का रास्ता रोक लिया। आरोप है कि रामलाल गुर्जर अपने साथियों के साथ एकराय होकर पहुंचा, कॉलर पकड़कर कहा आज तेरी पत्रकारिता निकाल देता हूं और फिर लात-घूंसे बरसाए गए। गले और कंधे पर वार, हाथ पर दांत से काटना और



पेट में गंभीर चोटें हमले की बर्बरता साफ झलकती है।

**डराने की साजिशः झूठे मुकदमे की धमकी**

मारपीट के बाद भी दबंगई का सिलसिला नहीं रुका। जाते-जाते यह धमकी दी गई कि अगर थाने में रिपोर्ट दी तो झूठा एससी-एसटी एक्ट लगवा दिया जाएगा और 'बड़ी गैंग' के नाम पर जान से मारने की चेतावनी भी दी गई। यह सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे पेशे को डराने की कोशिश थी।

**कानून हरकत में, मगर सवाल कायम?**

घायल पत्रकार ने फुलियाकलां थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। जांच की कमान थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी गिरोह का भंडाफोड़ , दो गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

थाना पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरी किया गया महिंद्रा ट्रैक्टर मय ट्रॉली को हरियाणा के फतेहाबाद से बरामद कर लिया गया है। आरोपियों को वाहन बेचने से पहले ही दस्तयाब कर लिया गया।

पुलिस ने गोपाल बंजारा (37) और मंगल सिंह बंजारा (24) को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी गोपाल बंजारा पूर्व में भी ट्रैक्टर चोरी, भैंस चोरी सहित कई मामलों में वांछित रहा है। पुलिस द्वारा कार्रवाई थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की गोपाल प्रजापत निवासी बिजौलिया ने 12 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका ट्रैक्टर-ट्रॉली 11 दिसंबर की रात नायरा पेट्रोल पंप, बिजौलिया से चोरी हो गया। पुलिस ने कमल दर्ज कर टीम गठित की। इस दौरान करीब 100 सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन कर रूट-मैप तैयार



किया गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम फतेहाबाद (हरियाणा) पहुंची, जहां से चोरी का वाहन दो आरोपियों के कब्जे से बरामद कर उन्हें मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा इस दौरान कई वारदाते कबूल की गई , जिसमे गोपाल बंजारा ने फरवरी 2025 केसरगंज, बिजौलिया से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी, झांतला सिंगोली से ट्रैक्टर चोरी ,थाना नैनवा, बूंदी से भैंस चोरी

की बात कही है पुलिस टीम में थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या, हैड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल राजवीर व देवसिंह सहित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद व स्पर्श फाउंडेशन की पहल, महात्मा गांधी चिकित्सालय में 100 कंबल भेंट



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद एवं स्पर्श फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में मानवता, सेवा और सामाजिक सरोकारों की भावना को साकार करते हुए महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों को 100 कंबल भेंट किए गए।

कार्यक्रम परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब एवं मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ मुख्य अतिथि रहे। डॉ. गौड़ ने कहा कि चिकित्सालय केवल उपचार का ही नहीं, बल्कि सेवा और संवेदना का भी केंद्र होता है। ऐसे सेवा कार्य जरूरतमंदों को राहत देने के साथ समाज में मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

स्पर्श फाउंडेशन की अध्यक्ष शेफाली गोयल ने कहा कि जरूरत के समय जरूरतमंद के साथ खड़ा होना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं मानवीय कार्य निरंतर करता रहेगा। इस अवसर पर मकर संक्रांति के अवसर पर पक्षियों के लिए 50 बोरी मक्का वितरण का भी संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में संरक्षक हेमंत कोठारी, सुनीता गांधी, विजया चोरड़िया, अलका बंब, सिल्की अग्रवाल, निराली मोदी, अंजू अग्रवाल, नेहा चोरड़िया, गिरिराज लड्ढा, प्राचीर समदानी, सीए नवजोत सिंह, ललित बोहरा, सुशील लोढ़ा, ज्ञानचंद पगारिया, कोषाध्यक्ष विनोद सुखवाल, ललित लोढ़ा, रजनी बापना सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# नकबजनी का खुलासा: दो शातिर चोर गिरफ्तार, ईको वैन व चोरी का माल बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद ।**

थाना पुलिस ने कस्बे में बीती 21 दिसंबर की रात दुकानों में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ईको वैन सहित चोरी किया गया माल भी बरामद किया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी जय सुल्तान के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की नंदकिशोर सिंधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 दिसंबर की रात में अज्ञात बदमाशों ने शटर तोड़कर दुकान में घुसकर किराने का सामान और नकदी चुरा ली। उसी रात कस्बे की एक



मेडिकल शॉप और मोटर शॉप में भी चोरी की घटनाएं हुईं। सुबह दुकान खोलने पर घटना का पता चला। कुल नुकसान लगभग दो लाख रुपये बताया गया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, परंपरागत पुलिसिंग और मुखबिर तंत्र के जरिए सुराग जुटाए। जांच के दौरान नकबजनी में प्रयुक्त ईको वैन को ट्रेस कर दो आरोपियों रवि बैरागी (25) और राजू भील (26), निवासी कोटा को डिटेन कर पूछताछ की गई। बाद में दोनों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी का माल और वाहन बरामद कर लिया गया।

कार्रवाई में थाना पुलिस, साइबर सेल और डीएसटी की संयुक्त टीम शामिल रही। टीम के सदस्यों ने त्वरित कार्रवाई और समन्वय से वारदात का खुलासा किया।

## सीसी रोड निर्माण : तेजाजी चौक से रोडवेज बस स्टैंड मार्ग पर खतरा बने बिजली पोलो को हटाने की मांग , एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियाँ।**

**मानव तिवाड़ी।** तेजाजी का चौक से रोडवेज बस स्टैंड तक नगर पालिका द्वारा किए जा रहे सीसी रोड निर्माण कार्य के दौरान बीच सड़क में आ रहे पुराने विद्युत पोल और डीपी को हटाने की मांग को लेकर बुधवार को नगरवासियों ने उपखण्ड अधिकारी, अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपा। नगरवासियों ने बताया कि उक्त मार्ग पर सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है, लेकिन बीच-बीच में लगे पुराने विद्युत पोल व डीपी निर्माण कार्य में बाधा बन रहे हैं। कई स्थानों पर विद्युत तार अत्यंत नीचे हो



चुके हैं, जिससे आमजन के लिए खतरा बना हुआ है। साथ ही ये पोल सौंदर्यीकरण व डिवाइडर निर्माण में भी बाधक हैं। नगरवासियों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते इन पोल व डीपी को नहीं हटाया गया तो दुर्घटना व जान-माल के नुकसान की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं सीसी रोड बन जाने के बाद यदि पुनः सुधार कार्य किया गया तो सड़क के क्षतिग्रस्त होने की भी आशंका है। मार्ग पर आए दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम को देखते हुए भी विद्युत डीपी व पोल का हटाया जाना आवश्यक बताया गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि संबंधित विद्युत पोल व डीपी को शीघ्र हटवाने अथवा स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए जाएं, ताकि निर्माण कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके और भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इस दौरान यशवंत सिंह पुंगलिया, संजय सिंह चौहान, शंभू सिंह शक्तावत, बजरंग सिंह सांखला, चिंकी टाक, अजय सिंधी, लक्ष्मण सिंह और देवी लाल कोली सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सवाईपुर-सालरिया सड़क पर कोठारी नदी की पुलिया अधूरी, हादसों का कारण बनी

### बाइक सवार के सिर में धंसा सरिया, गंभीर घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**(सांवर वैष्णव):** राज्य सरकार द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से सवाईपुर-सालरिया सड़क पर कोठारी नदी पर पुलिया निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन यह कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने अप्रैल माह में निर्माण शुरू किया था। शुरुआत में काम तेज गति से चला, लेकिन पुलिया पर केवल एक तरफ आरसीसी सड़क बनाकर दूसरी तरफ का कार्य छोड़ दिया गया।

अधूरे हिस्से से बाहर निकले सरिए और गड्ढेनुमा सड़क राहगीरों के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं। बुधवार दोपहर करीब दो बजे इसी लापरवाही के चलते एक दर्दनाक हादसा हो गया। सवाईपुर की ओर जा रहे बाइक सवार कर्मवीर उम्र (20 वर्ष) अनियंत्रित होकर गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में पुलिया से निकला सरिया धंस गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया।

घटना की सूचना तुरंत 108 एंबुलेंस को दी गई। घायल को पहले सवाईपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, बाद में उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। स्थानीय निवासी प्रहलाद सिंह ने बताया कि पुलिया को आधा-अधूरा छोड़ देने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दिन-रात इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों की जान लगातार जोखिम में है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से मांग की है कि पुलिया निर्माण कार्य को तत्काल पूरा कराया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

## द ब्रेन वैली मॉडर्न स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

कस्बा स्थित द ब्रेन वैली मॉडर्न स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेल गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं,



बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे गुणों का भी विकास करते हैं विद्यालय संरक्षक प्रीतम सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक किया गया तथा उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया गया । इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक मोनिका सोनी ने बताया कि बच्चों में खेलों के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय में प्रतिवर्ष इस प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है । समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा विद्यालय परिवार ने सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया । इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भाजपा नेता संदीप सोनी जीएसएस अध्यक्ष लादू लाल धाकड़ सत्यनारायण वैष्णव , ज्वाला प्रसाद बारेठ, व विद्यालय स्टाफ में प्रियंका मालू हीना बानू शालू सोनी ,आदि स्टाफ मौजूद रहा

# मिसेज राजस्थान जया चौहान का हुआ स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जयपुर में आयोजित मिसेज इंडिया सीजन-5 में मिसेज राजस्थान का खिताब जीतने के बाद जया चौहान के भीलवाड़ा आगमन पर विजय सिंह पथिक नगर स्थित उनके निवास पर भव्य स्वागत किया गया। परिवारजनों और मोहल्लेवासियों ने पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ अभिनंदन किया। महिलाओं ने गुलदस्ते व मालाएं पहनाकर बधाई दी, वहीं परिजनों ने आरती उतारकर स्वागत किया।

जया चौहान ने इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और ससुराल पक्ष के सहयोग को देते हुए आभार जताया। उनके पिता गोपाललाल माली ने इसे परिवार, समाज और शहर के लिए गौरव का क्षण बताया। स्वागत समारोह में सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।



## पौष बड़ा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**

**(दिलखुश)** कस्बे के सदर बाजार स्थित गुरुद्वारा रघुनाथ मंदिर में बुधवार को पौष बड़ा महोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने भगवान रघुनाथ जी महाराज के भजन-कीर्तन किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

महाआरती के बाद भगवान रघुनाथ जी महाराज को भोग अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया।




QUICK BITES

## स्कूली विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।




जसवंत पारीक

कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों को बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मांडलगढ़ ले जाया गया, जहां विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

उप प्रधानाचार्य प्रहलाद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 9 व 10 के छात्र-छात्राओं को व्याख्याता ऋतुरानी मीना, मीना शर्मा, बनवारी बरवड़ एवं श्याम सुंदर तिवारी के निर्देशन में आईटीआई मांडलगढ़ का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न ट्रेड्स, प्रशिक्षण प्रक्रिया तथा भविष्य में रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

भ्रमण से पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा पालीवाल, वाइस प्रिंसिपल प्रहलाद कुमार त्रिपाठी, शारीरिक शिक्षक फारुख मोहम्मद पठान एवं व्याख्याता सत्यनारायण व्यास ने विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## विशेष ग्राम सभा में विकसित भारत व वीबी-जी राम जी योजना पर हुई चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



ग्राम पंचायत बाकरा में बुधवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता, रोजगार एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान विकसित भारत-जी राम जी योजना को लेकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई। यह स्पष्ट किया गया कि विकसित भारत-जी राम जी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना, आजीविका को सशक्त करना एवं ग्राम विकास को गति देना है।

ग्राम सभा में विभागीय परिपत्रों के अनुसार विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीणों ने सभा में भाग लिया और अपनी समस्याएं व सुझाव भी रखे।

सभा के दौरान ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने, रोजगार से जुड़ने तथा ग्राम विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया।

विशेष ग्राम सभा में निशा वीरेंद्र मीणा , ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार मीणा, कनिष्ठ लिपिक कांता मीना, कृषि पर्यवेक्षक मस्तराम मीना सहित पंचायत कार्मिक उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com

# अभिभावक, एसएमसी सदस्य व शिक्षक मिलकर करें बच्चों का भविष्य उज्जवल

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

उपखण्ड क्षेत्र के मुकुनपुरिया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुकुनपुरिया में बुधवार को स्कूल विकास एवं प्रबंधन समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप प्रधानाचार्य सुनीलकुमार मीणा एवं भगवानलाल जाट ने की।

बैठक में उप प्रधानाचार्य सुनीलकुमार मीणा ने विद्यालय विकास से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वर्तमान में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के स्टाफ द्वारा छात्रहित में किए गए विभिन्न नवाचारों के सकारात्मक परिणाम अब विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं।

आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अध्यापक विद्यार्थियों को आवश्यकता अनुसार निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। साथ ही शीतकालीन अवकाश के दौरान भी सभी कक्षाओं



के विद्यार्थियों का शैक्षणिक कार्य नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में विनोद कुमार पारीक, मिड-डे मील प्रभारी हनुमान गुर्जर सहित खाचरोल, देवीसिंह जी का खेड़ा, मंडी गुंसाई सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षक एवं एसएमसी सदस्य उपस्थित रहे।

# मॉडल स्कूल के महावीर का नवाचार राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

ग्रामीण प्रतिभाओं की नवाचारी सोच एक बार फिर राष्ट्रीय मंच तक पहुंची है। मॉडल स्कूल के छात्र महावीर कुमावत ने अपने अनोखे वैज्ञानिक नवाचार से न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी 2024-25 में महावीर का आइडिया राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुआ है।

नागौर जिले के सेठ किशन लाल काकरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी में प्रदेशभर




से चयनित 234 बाल वैज्ञानिकों ने अपने नवाचार प्रस्तुत किए। ये सभी विद्यार्थी अपने-अपने जिलों में आयोजित प्रदर्शनी से श्रेष्ठ आइडिया के रूप में चयनित होकर पहुंचे थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. तुलसीराम कुमावत ने बताया कि जिले से चयनित 10 बाल वैज्ञानिकों में से महावीर कुमावत का स्मार्ट बेसमेंट सेफ्टी सिस्टम तथा बागोलिया की छात्रा कृष्णा कुमावत का एडजस्टेबल ट्री गार्ड नवाचार राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुआ है।

महावीर कुमावत द्वारा प्रस्तुत स्मार्ट बेसमेंट सेफ्टी सिस्टम एक मिश्रित सुरक्षा नवाचार है, जो बेसमेंट से जुड़ी दुर्घटनाओं जैसे अत्यधिक वर्षा के दौरान पानी भरना, गैस लीकेज, विद्युत फॉल्ट एवं आग लगने जैसी घटनाओं को समय रहते नियंत्रित करने में सहायक है। यह नवाचार गत वर्ष दिल्ली में बेसमेंट में पानी भरने से हुई दुर्घटना से प्रेरित होकर विकसित किया गया।

यह नवाचार तीनों दिन प्रदर्शनी में दर्शकों एवं निर्णायकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। महावीर ने यह प्रोजेक्ट विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब के प्रभारी उग्रसेन के मार्गदर्शन में तैयार किया। इस दौरान विज्ञान फैकल्टी के डॉ. विकास टेलर, किशोर कुमार भंसाली, महावीर प्रसाद रेगर एवं ओमप्रकाश जाट ने समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

महावीर कुमावत की इस उपलब्धि पर संपूर्ण विद्यालय स्टाफ, शिक्षा विभाग एवं उनके परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है।

# पीएम ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष: भीलवाड़ा जिले में 545 करोड़ से 2615 किमी सड़कें बनीं

## 590 बसावटें ऑलवेदर सड़कों से जुड़ीं, चौथे चरण में 5 नई बसावटें चिन्हित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

ग्रामीण संपर्क को सशक्त बनाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्ध आंकड़े विकास की मजबूत तस्वीर पेश करते हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अनुसार, प्रदेश में योजना के तहत अब तक 75 हजार किमी सड़कों का निर्माण कर 15,983 बसावटों/गांवों को ऑलवेदर पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। इसी क्रम में भीलवाड़ा जिले में लगभग 545 करोड़ रुपये की लागत से 2615 किमी सड़कों का निर्माण कर 590 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़ा गया।

गौरतलब है कि 25 दिसंबर 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के असंबद्ध गांवों को सड़क नेटवर्क से जोड़ने के उद्देश्य से इस योजना की नींव रखी थी। सा.नि.वि. (पीडब्ल्यूडी) वृत के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में जिले में 385.17 करोड़ रुपये की लागत से 2214.76 किमी सड़कों का निर्माण कर 543 बसावटों को जोड़ा गया। द्वितीय चरण में 43.25 करोड़ रुपये से 147.28 किमी सड़कों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया गया। तृतीय चरण में अब तक 116.54 करोड़ रुपये की लागत से 253 किमी की 30 सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण पूर्ण किया गया। योजना के चौथे चरण में प्रदेश की 1638 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़ने के लिए चिन्हित किया गया है, जिनमें



भीलवाड़ा जिले की 5 बसावटें शामिल हैं।

प्रथम फेज में प्रदेश में 1216 बसावटों के लिए सड़क व एक पुल का निर्माण होगा, जबकि भीलवाड़ा में 4 बसावटों के लिए सड़कें बनेंगी। इस फेज में कुल 2089 करोड़ रुपये से 3219 किमी नई सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। भीलवाड़ा जिले में 6.42 करोड़ रुपये की लागत से 6.60 किमी नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

# धार्मिक तीर्थस्थलो की सड़क को लेकर विवाद, झड़प में एक घायल; ग्रामीणों ने की थाने में शिकायत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

तहसील क्षेत्र के माजी साहब का खेड़ा ग्राम में धार्मिक तीर्थस्थल तिलस्वां एवं श्री चारभुजा नाथ मंदिर को जाने वाली मुख्य सड़क से जुड़े विवाद के दौरान हुई झड़प में एक ग्रामीण के घायल होने की जानकारी सामने आई है। मामले को लेकर समस्त ग्रामवासियों ने थाना बिजौलिया में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कुछ नामजद व्यक्तियों व अन्य साथियों पर अवैध अतिक्रमण का प्रयास, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि ग्राम गोपालपुरा पटवार हल्का में खाते में दर्ज दो आराजी की भूमि धार्मिक तीर्थस्थल तिलस्वां एवं श्री चारभुजा नाथ, माजी साहब का खेड़ा की मुख्य सड़क के दोनों ओर स्थित है, जबकि सड़क इन दोनों आराजियों के बीच से गुजरती है। यह भूमि वर्षों से ग्रामवासियों के उपयोग व अधिकार में रही है, जिस पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने सीमाज्ञान के लिए 18 दिसंबर को तहसीलदार को ज्ञापन दिया था। इसके बाद बीती 24 दिसंबर को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सीमाज्ञान की



कार्रवाई की। भूमि के सभी कोने चिन्हित कर मुटाम लगाए गए। इसी दौरान आरोपित पक्ष के लोगों से विवाद हो गया, जो देखते ही देखते गाली-गलौच, धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गया। इस झड़प में एक ग्रामीण घायल हो गया है। ग्रामीणों ने आरोपितों द्वारा जान से मारने की धमकियां देने का भी आरोप लगाया गया।

ग्रामीणों ने सुनील कुमार पुत्र पन्नालाल धाकड़ निवासी लक्ष्मीनिवास, सुरेन्द्र कुमार धाकड़ निवासी बेरीसाल सहित अन्य करीब 15 व्यक्ति व खान स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दी है ।

ग्रामीणों ने पुलिस से धार्मिक महत्व की सड़क से जुड़े इस विवाद में त्वरित व सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में शांति बनी रहे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# श्री गोलमगढ़ बालाजी में भव्य जल यात्रा व श्री चारभुजा नाथ बेवान का हुआ आगमन, भक्तिमय हुआ वातावरण





**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया ।**

श्री गोलमगढ़ बालाजी धाम में श्रद्धा और उल्लास से ओतप्रोत विशाल जल यात्रा का आयोजन किया गया। जल यात्रा श्री झरेल महादेव से प्रारंभ होकर ढोल-नगाड़ों और भगवान के मधुर भजनों के साथ नाचते-गाते भक्तों के संग गोलमगढ़ बालाजी मंदिर तक पहुँची। इस दौरान मार्ग पर भक्तिरस की अविरल धारा बहती रही। यात्रा के दौरान श्री बानोड़ा बालाजी का श्रीराम दिव्य रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। रथ के आगमन पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। इसी क्रम में श्री चारभुजा नाथ की बारात (बेवान) का भव्य आगमन हुआ, जिसने आयोजन की शोभा को और बढ़ा दिया।

आयोजन समिति ने बताया की श्री गोलमगढ़ बालाजी में आज से 28 दिसंबर तक श्री राम-कृष्ण-कल्कि शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है । इसके साथ ही प्रतिदिन देवी-देवताओं की आकर्षक इलेक्ट्रिक झांकियों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए दूर-दराज़ से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# दुर्गावाहिनी शिक्षिका अभ्यास वर्गः भीलवाड़ा विभाग की 13 बहिनें जयपुर रवाना

## सात दिवसीय अभ्यास वर्ग में आत्मरक्षा, योग व शारीरिक-मानसिक प्रशिक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति संगठन दुर्गावाहिनी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले शिक्षिका अभ्यास वर्ग के लिए भीलवाड़ा विभाग की 13 बहिनें जयपुर के लिए रवाना हुई।

दुर्गावाहिनी विभाग संयोजिका सोनाली जांगिड़ ने बताया कि यह अभ्यास वर्ग 24 से 29 दिसंबर तक आतिथेय होटल, जयपुर में आयोजित होगा। सात दिवसीय इस विशेष वर्ग में बहिनों को जूडो, दंड, कराटे, बाधा अभ्यास, नियुद्ध (स्वरक्षा तकनीकें) और योगासन का व्यावहारिक



प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जांगिड़ ने बताया कि इस अभ्यास वर्ग में भीलवाड़ा विभाग की पांच जिलों भीलवाड़ा महानगर, आसींद, भीलवाड़ा ग्रामीण, शाहपुरा और गंगापुर से चयनित 13 बहिनें भाग लेंगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य बहिनों को मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे समाज में आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व कर सकें। जयपुर प्रस्थान से पूर्व बहिनों का स्वागत विश्व हिंदू परिषद महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बहेडिया, दुर्गावाहिनी पालक ओमप्रकाश बुलिया, प्रांत छात्रा प्रमुख सीमा पारीक, विभाग मंत्री विजय ओझा सहित यशोदा मंडोवरा, भारती आसवानी और कलावती सोनी ने किया और उन्हें सफल प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दीं।


# अव्यवस्थित वार्ड गठन से गुरला में विकास बाधित, पुनर्गठन की मांग

## एक वार्ड गांव के दोनों छोर पर, बीच में चार-पांच अन्य वार्ड भौगोलिक विसंगति बनी बड़ी समस्या

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।**

ग्राम पंचायत में वार्डों का वर्तमान गठन ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। वार्डों का परिसीमन इस प्रकार किया गया है कि एक ही वार्ड गांव के दोनों छोर पर स्थित है, जबकि उसके बीच में अन्य वार्ड आते हैं। भौगोलिक दृष्टि से अव्यवहारिक इस व्यवस्था के चलते संबंधित वार्डों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार वार्ड संख्या पांच



प्रतीकात्मक इमेज

का एक हिस्सा बस स्टैंड क्षेत्र में है, जबकि दूसरा हिस्सा गांव के अंतिम छोर स्थित रेगरों के मोहल्ले में आता है। इन दोनों हिस्सों के बीच वार्ड संख्या तीन, चार, छह और सात स्थित हैं। इसी तरह की स्थिति अन्य वार्डों में भी बनी हुई है। बताया गया कि वार्ड पांच को दो अलग-अलग ब्लॉकों में बांटा गया है, जिसमें रेगरों के मोहल्ले में करीब 100 घरों के मतदाता शामिल हैं, जबकि बस स्टैंड क्षेत्र में लगभग 14 घरों के करीब 60 मतदाता हैं। अधिक मतदाता वाले ब्लॉक के कारण बस स्टैंड क्षेत्र से आज तक कोई प्रतिनिधि निर्वाचित नहीं हो सका, जिससे वहां विकास कार्य अवरुद्ध बने हुए हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि परिसीमन के तहत जिला कलेक्टर, पंचायत राज विभाग एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ग्राम पंचायत के वार्डों का पुनर्गठन किया जाए और वार्डों को एक ही भौगोलिक ब्लॉक में व्यवस्थित किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वार्डों का परिसीमन जनहित को ध्यान में रखकर किया जाए तो गांव के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगा।

# आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ने युवाओं को पौधारोपण और धर्म की सीख दी, बुजुर्गों का मनाया अमृत महोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

(दिलखुश) कस्बे में आचार्य 108 पुष्पदंत सागर महाराज के परमशिष्य आचार्य 108 प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ ने अतिशय कारी नेमिनाथ मंदिर और साँवलिया पार्श्वनाथ मंदिर में दर्शन कर श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन दिया। प्रज्ञा सागर महाराज ने पार्श्वनाथ भगवान की दिव्य प्रतिमा और चंद्रगिरी पर्वत पर राजस्थान की प्रथम सवा 21 फुट की प्रतिमा के दर्शन किए।

महाराज ने अपने जीवन का एक विशेष संकल्प साझा किया कि वे 1 करोड़ पौधे लगाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर छह युवाओं को वृक्ष मित्र बनाया गया, जिन्होंने प्रति मित्र 1000 पौधे लगाने का संकल्प लिया। वृक्ष मित्रों में अंकित जोड़ला, मोनू गंदेरिया, शुभम अग्रवाल, अक्षय मित्तल, राहुल और आदित्य जैन शामिल रहे। धर्मसभा को संबोधित करते हुए प्रज्ञा सागर महाराज ने कहा कि पहले के लोग प्रकृति में जीते थे, आज के लोग भौतिकता में उलझे हैं। उन्होंने युवाओं को चेतावनी दी कि जवानी बर्बाद न करें, अपने जीवन में भगवान की सेवा और पूजा अर्चना करें ताकि भविष्य में उनका फल समाज को मिले। महाराज ने यह भी बताया कि पिता की सम्पत्ति पर बेटे का अधिकार नहीं होना चाहिए और माता-पिता को प्रणाम करना हमारी भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है।सायंकाल में महाराज के सानिध्य में 65 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों का सम्मान अमृत



महोत्सव के रूप में किया गया। प्रज्ञा सागर महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम भी सुबह उठकर माता-पिता और बड़ों को प्रणाम करते थे, इसलिए हमें अपने घर में माता-पिता को जीवंत भगवान के रूप में सम्मान देना

# पंचायत समिति में चलाया स्वच्छता अभियान

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

(दिलखुश)। राज्य सरकार की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर पंचायत समिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह 11 से 12 बजे तक पंचायत समिति कार्यालय सहित सभी ग्राम पंचायतों में कार्यरत कार्मिकों ने श्रमदान कर कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई की। विकास अधिकारी चिरंजीलाल वर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता




बढ़ाना और कार्यालयों को स्वच्छ व सुव्यवस्थित रखना है। कार्यक्रम के समापन पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच ने सभी को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

# निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर 28 को

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

(दिलखुश)। लायंस क्लब सावर एवं डी.डी. नेत्र फाउंडेशन कोटा के संयुक्त तत्वावधान में 28 दिसम्बर को निर्मला कोठारी महाविद्यालय, देवली तिराहा में एक विशाल निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रांतीय सभापति लायन एस.एन. न्याति ने बताया कि शिविर स्वर्गीय शशि कुमारी व भुवनेश्वरी की पुण्य स्मृति में आयोजित होगा। लायंस क्लब सावर के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सुवालका ने बताया कि 28 दिसंबर को मरीजों की



जांच व भर्ती की जाएगी तथा 29 दिसंबर को कोटा में ऑपरेशन किए जाएंगे। कोषाध्यक्ष अविनाश कोठारी ने बताया कि मरीजों का आवागमन, भोजन, आवास एवं लैंस प्रत्यारोपण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। सचिव अशोक कुमार जैन के अनुसार शिविर के प्रचार हेतु बैनर-पंपलेट का विमोचन किया गया है।

## QUICK BITES

# त्रिवेणी संगम पर रविवार को निःशुल्क चिकित्सा व रक्तदान शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान प्रान्तीय तैलिक साहू महासभा एवं भीलवाड़ा ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को त्रिवेणी संगम स्थित तैलिक साहू समाज धर्मशाला में निःशुल्क नेत्र, चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर आयोजित होगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, वही रक्तदान शाम 5 बजे तक होगा। नेत्र जांच बांगड़ हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। चयनित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन (लेंस सहित) पूरी तरह निःशुल्क होंगे। मरीजों के आने-जाने, ठहरने, भोजन, दवाइयों व चश्मे की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा की जाएगी। शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप व ईसीजी जांच तथा विभिन्न रोगों पर विशेषज्ञ परामर्श भी निःशुल्क मिलेगा। आयोजन जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें एपेक्स हेल्थ केयर सोसाइटी का विशेष योगदान रहेगा।

# तालुका विधिक सेवा समिति ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




**रमेश गुर्जर।** तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा कस्बा स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के आदेशानुसार सचिव गोपेश कुमार शर्मा एवं पीएलवी रामबाबू माथुर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई तथा आगंतुकों का सूचना रजिस्टर विधिवत संधारित पाया गया। रैन बसेरे में मौसम के अनुरूप दरी, गद्दे, चादर, तकिया, कंबल एवं रजाई की पर्याप्त व्यवस्था, नियमित विद्युत आपूर्ति एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध पाई गई। प्राथमिक चिकित्सा किट मौजूद है तथा समीप स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कारण आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंस व चिकित्सा सुविधा भी सुलभ है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि अग्नि सुरक्षा की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल सहित योगेश अहिर, राजकुमार शर्मा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्रिकेट का महाकुंभः ऊपरमाल क्रिकेट कप सीजन-3 का आगाज़ आज से

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**




क्रिकेट प्रेमियों के पंचायत स्तरीय ऊपरमाल क्रिकेट कप सीजन-3 का आयोजन गुरुवार से बड़ा खेल मैदान में शुरू होगा। आयोजक कुणाल आर्य और हेमंत भदौरिया ने बताया की क्रिकेट महाकुंभ में कुल 24 टीमें भाग लेंगी, प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख रुपये नकद व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 31 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। मुकाबले टी-10 प्रारूप में खेले जाएंगे, वहीं सेमीफाइनल 12 ओवर और फाइनल मुकाबला 15 ओवर का होगा। प्रतिदिन 3 से 4 मैच खेले जाएंगे, जिससे दर्शकों को रोज़ रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला मंदाकिनी क्लब बिजौलिया और बालाजी क्लब जूनियर बिजौलिया के बीच खेला जाएगा। इस आयोजन के प्रतियोगिता अध्यक्ष तुफान यादव पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस हैं। स्पॉन्सर के रूप में सुमित जोशी, एडवोकेट एवं पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सहयोग कर रहे हैं।

# तीन दिवसीय समाजोपयोगी कार्य शिविर संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




कस्बे के उच्च माध्यमिक विद्यालय बाल विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय समाजोपयोगी उत्पादक कार्य शिविर का विधिवत समापन हुआ। शिविर के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को मंदाकिनी महादेव मंदिर प्राकृतिक भ्रमण पर ले जाया गया, जहां चेयर रेस, मटकी रेस, चम्मच रेस व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित हुई। द्वितीय दिवस छात्र वर्ग के लिए गुब्बारा पिरामिड, माचिस तीली व लकड़ी पकड़ दौड़ कराई गई। तृतीय दिवस समापन समारोह में विद्यालय प्रशासीका आकांक्षा शर्मा व प्रधानाचार्य कैलाश नाथ ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय में श्रेष्ठ कार्य करने पर शारीरिक शिक्षक जाकिर हुसैन, पिंटू कोली, ज्योति प्रभा चौहान व रवि नायक को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि कुलदीप सनाढ्य, लक्ष्मी नारायण ब्रह्मभट्ट तथा विशिष्ट अतिथि निलेश सनाढ्य, रामफूल धाकड़, गौरव विजयवर्गीय, शैतान प्रजापत, अरुण शर्मा व अंकित तिवारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।